उदयपुर, सोमवार 4 नवंबर, 2019 | 08

City भास्कर

फैशन शो में दिखा राजस्थानी परिवेश

उदयपुर . नई डिजाइनिंग के आधुनिकतम रूप को मॉडल्स ने शनिवार को हुए अविन्स के एंड आर फैशन शो में दिखाया। शहर के सॉलिटेयर गार्डन में डिजाइनर दक्ष बुला और ऐश्वर्या कॉलेज के फैशन डिजाइनिंग डिपार्टमेंट की ओर से फैशन शो का आयोजन हुआ।

दैनिक नवज्योति

उदयपुर, सोमवार, 4 नवम्बर 2019

5

रैम्प पर दमके फैशन जगत के नामी सितारे

अविन्स के एंड आर फैशन शो का भव्य आयोजन

उदयपुर। देसी-विदेशी संगीत पर रैंप वाक करते मॉडल्स, भारतीय संस्कृति को परिलक्षित करती वेशभूषा के आधुनिक व अद्भुत सौंदर्य को खूबसूरती से प्रदर्शित करते मॉडल यह नजारा था रविवार को आयोजित अविन्स के एंड आर फैशन शो के आयोजन का। शहर के सॉलिटेयर गार्डन में आयोजित फैशन शो में प्रख्यात डिजाइनर पंजाबी एलबम मॉडल चार्ली दत्ता एक्टर डायरेक्टर गौरव गौड़ के ब्राइडल, राजपूती एवेस्टर्नए शेरवानी और पोशाक के विभिन्न राउंड हुए।

लेकसिटी की अद्वितीय पहचान बनाने फैशन नवाचारों की प्रस्तुति, डिजाइनिंग के आधुनिकतम रूप को राष्ट्रीय स्तर के मॉडल के जरिये प्रस्तुत किया गया। फैशन जगत के नामचीन डिजाइनर दक्ष बुला और ऐश्वर्या कॉलेज के फैशन डिजाइनिंग डिपार्टमेंट के संयुक्त तत्वाधान में इस फैशन शो का आयोजन किया गया। शो का मुख्य उद्देश्य फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में कार्यरत शहर की प्रतिभाओं द्वारा बनाए गए परिधानों को प्रदर्शित करना था। शो के मुख्य आयोजक सुरेश बुला ने बताया कि इस फैशन शो में देश के विभिन्न राज्यों से आये फैशन डिजाइनर शरीक हुए। इस दौरान रोहित मोटावत, सीमा सिंहए प्रकाश चंद्रा सहित कई गणमान्य और सैंकड़ों दर्शक मौजूद रहे।